Regarding various railway related issues in Rajasthan

श्री लुम्बाराम चौधरी **(**जालौर**) :** जयुपर-जोधपुर एक्सप्रेस (22977- 78) दैनिक एक्प्रेस को जालौर स्टेशन तक विस्तार किया जाए । 2- जालौर से पुणे तक नई और नियमित रेल सेवा प्रारंभ किया जाए 3- चैन्नई भगत की कोठी एक्सप्रेस (20625-26) को ठहराव मोदरान स्टेशन पर दिया जाए । 4- भीनमाल शहर के जसवंतपुरा रेलवे क्रासिंग पर रेल ओवर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाए । 5- 22421/22422 सालासर एक्सप्रेस एवं 22483 /22484 जोधपुर गाँधीधाम दोनों गाडियों को मर्जर कर गाँधीधाम से दिल्ली वाया समदडी भीलडी नई रेल सेवा का संचालन किया जाए । 6- समदडभ भीलडी रेल खण्ड पर मारवाड रतनपुर रेलवे स्टेशन के पास आवागमन हेतु अण्डरपास का निर्माण किया जाए । 7- रानीवाडा रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किया जाए । 8- कोयम्बटूर-हिसार एक्सप्रेस 22475-76 के फेरों में बढ़ोतरी की जाए 9- ईरोड-बाड़मेर समर स्पेशल रेल सेवा को पुनः प्रारंभ किया जाए । 10 - काकीनाडा से जोधपुर वाया समदडी भीलडी नई रेल सेवा प्रारंभ किया जाए । 11- बाड़मेर यशवंतपुर एसी एक्सप्रेस 14805/14806 को सप्ताह में सातों दिन चलाया जाए तथा 14805/14806 एवं 22497/22498 ट्रेनों का ठहराव तिपटुर TTR रेलवे स्टेशन पर दिया जाए ।